## एक नजर

### फ्यूचर स्कूल में आज वितरित होगा रिजल्ट

**बिल्सी।** नगर के बदायूं रोड स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण शनिवार को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। डायरेक्टर वीपी सिंह ने बताया कि परीक्षा में मेधावी रहने वाले छात्र, छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान अतिथियों द्वारा प्रदान किया जाएगा। इधर, नगर के मोहल्ला संख्या छह गोशाला रोड स्थित एसएम पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का भी परीक्षा फल वितरित किया जाएगा। यह जानकारी प्रशासक अमृत लाल शर्मा ने दी है।

### मां अन्नपूर्णा रसोई की मनाई प्रथम वर्षगांठ

**बिल्सी।** नगर के मुख्य बाजार स्थित कुटी मंदिर के निकट विगत एक वर्ष पहले नगर के संभ्रांत लोगों ने निर्धनों को भरपेट खाना खिलाने के उद्देश्य से मां अन्नपूर्णा रसोई का आरंभ किया था। इसके संचालन को वर्ष पूर्ण हो गया है। एक वर्ष पूरा होने पर रसाई के संचालकों ने प्रथम वर्षगांठ के रूप में उत्सव की तरह मनाया। अन्नपूर्णा रसोई रोजाना दोपहर 12 से दो बजे तक संचालित की जाती है। साथ माह की एकादशी और रविवार को बंद रहती है। इस मौके पर ओमबाबू वार्ष्णेय, रामनिवास वार्ष्णेय, नवरतन वार्ष्णेय आदि रहे।

# जिला अस्पताल में बिना सूचना के कर दिया हाफ डे, भटकते रहे मरीज

## अव्यवस्थाः गुड फ्राइडे के चलते सुबह 11 बजे ही बंद हो गई थी ओपीडी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डॉक्टर न मिलने से मरीज रहे परेशान, बाद में हुई जानकारी

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में दवा लेने को आने वाले मरीजों को हर रोज समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कभी डॉक्टर नही मिलते हैं तो कभी हाफ डे होने के कारण डॉक्टर जल्दी उठकर चले जाते हैं। दूर दराज से आने वाले मरीज बिना दवा के ही लौट जाते हैं। व्यवस्था के नाम पर मरीजों का मखौल उड़ाया जाता है। ऐसा ही यहां शुक्रवार को देखने को मिला। जब मरीजों को बिना सूचना दिए बगैर हॉफ डे कर दिया गया जिससे मरीज इधर-उधर भटकते रहे। बाद में उन्हें जब इसकी जानकारी हुई तो वे अपने घरों को लौट गए।

शुक्रवार को जिला अस्पताल में पूर्वाह्न 11 बजे तक डॉक्टर ओपीडी में बैठे। मरीजों की लाइन लग चुकी थी। तभी ठीक 11 बजते ही डॉक्टर ओपीडी से निकल कर चले गए। दवा काउंटर बंद कर दिया गया। पर्चा काउंटर पर बैठे कर्मचारियों ने काम करना बंद कर दिया। अचानक काम बंद हो जाने से मरीजों को कुछ समझ भी नही आया। काफी देर तक मरीज लाइन में लगे रहे। उन्हें नही बताया गया कि हाफ डे है इसलिए 11 बजे तक ही मरीज देखे जाएंगे। सीएमएस कार्यालय में ताला डाल दिया गया। मरीज इधर उधर भटकते रहे। डॉक्टरों की जानकारी करते रहे। किसी ने कुछ नही बताया। काफी देर बात पता चला कि आज हाफ डे है इसलिए अस्पताल बंद कर दिया गया। कई मरीज बगैर इलाज व दवा लिए ही वापस लौट गए।



जिला अस्पताल में खाली पड़ी डॉक्टरों की कुर्सी। ● अमृत विचार

> शुक्रवार को गुड फ्राइडे था, इसलिए 11 बजे तक मरीज देखे गए, उसके बाद हाफ डे कर दिया गया, और अस्पताल बंद हो गया। बाद में आने वाले मरीजों को कैसे देख पाते, पूर्वाह्न 11 बजे तक जो मरीज आ गए उन्हे दवाएं मिल गयीं। अब शनिवार को भी अस्पताल 11 बजे तक ही खुलेगा। रविवार को बंद रहेगा।
>
> -डां कप्तान सिंह- सीएमएस।

ब्लड रिपोर्ट लेने आए मरीज भी परेशान रहे। पैथोलॉजी लैब बंद हो जाने से मरीज इधर उधर पूछताछ करते रहे।उधर एक्स रे रूम बंद होने से मरीजों के एक्स रे भी नही हो सके। कई लोग दोपहर एक बजे तक इंतजार करने के बाद वापस चले गए।

## बदायूं क्लब परिसर में आठ को लगेगा मेला

**बदायूं,अमृत विचार :** नव वर्ष मेला समिति की बैठक बदायूं क्लब में शुक्रवार को आयोजित की गयी। इसमें नीरज रस्तोगी को अध्यक्ष, डॉ. अक्षत अशेष को महामंत्री एवं दीपक गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। समिति द्वारा नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर एक दिवसीय विशाल भारतीय नव वर्ष मेला बदायूं क्लब प्रांगण में 8 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा।

इसमें आरएसएस के विभाग प्रचारक विशाल की अध्यक्षता में मेले की कार्यकारिणी घोषित हुई। कार्यकारिणी में संरक्षक पूर्व विधायक प्रेमस्वरुप पाठक, हरसहायमल श्याम लाला सर्राफ के सूर्यप्रकाश वैश्य रहेंगे। मार्गदर्शक मंडल में सर संचालक सुनील कुमार गुप्ता, नगर संचालक डॉ. सुवेन्द्र माहेश्वरी, सुबोध गोयल, अशोक भारती रहेंगे। समिति का अध्यक्ष नीरज रस्तोगी एवं महामंत्री डॉ. अक्षत अशेष को बनाया गया है। दीपमाला गोयल, मुनीष अग्रवाल एवं सीमा रानी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। रजनी मिश्रा, रविन्द्र मोहन सक्सेना, अजय मथुरिया, विश्वजीत गुप्ता आदि को मंत्री बनाया गया है।

# अब अप्रैल माह में की जाएगी गेहूं की खरीद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गेहूं खरीद को जिले में स्थापित हैं 136 क्रय केंद्र
- 15 हजार किसानों का हो चुका है पंजीकरण

**अमृत विचारः** खेतों में करीब करीब गेहूं की फसल पक कर तैयार है। अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह से किसानों द्वारा उसकी कटाई शुरू कर दी जाएगी। इसके बाद खरीद के लिए खुले क्रय केंद्रों पर उपज बिक्री को किसान के पास पहुंचने शुरू हो जाएंगे। इस बार मार्च माह की गेहूं की खरीद शुरू हो गई थी। इसके लिए जिले में पांच एजेंसियों के 136 क्रय केंद्र स्थापित किए गए। परंतु फसल तैयार न होने की दशा में क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा।

जिले में एक मार्च से गेहूं की खरीद शुरू करने के लिए विपणन विभाग द्वारा पांच एजेंसियों के 136 क्रय केंद्र स्थापित किए। इनमें पीसीएफ के 80, यूपीएसएस के 23 मार्केटिंग के 17 और एफसीआई के 6 क्रय केंद्र शामिल हैं। जिस समय खरीद शुरू हुई थी। उस दौरान फसल में बाली तक नहीं आई थी। ऐसी स्थिति में केंद्रों पर खरीद का बैनर टांग कर औपचारिकताएं निभाईं। फसल न आने की दशा में डीएम मनोज कुमार और एडीएम वित्त एवं राजस्व द्वारा जिला विपणन अधिकारी अतुल कुमार वशिष्ठ को अधिक किसानों का पंजीकरण कराने के आदेश दिए गए। एक माह तक चले अभियान के दौरान विपणन विभाग द्वारा किसानों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाता रहा है। अब तक करीब 15 हजार से अधिक किसानों का पंजीकरण कराने में विभाग सफल रहा है। अब चूंकि गेहूं की फसल खेतों में लगभग पक कर तैयार है। किसानों के द्वारा अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह से कटाई शुरू कर दी जाएगी। इसके बाद क्रय केंद्रों पर एक माह से जारी सन्नाटा टूटेगा। इस संबंध में जिला विपणन अधिकारी अतुल कुमार वशिष्ठ ने बताया कि क्रय केंद्रों पर खरीद की सभी तैयारियां पूरी हैं। किसानों के आने का इंतजार हो रहा है।

# नया सत्र निकट, अभी नहीं आईं किताबें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक अप्रैल से शुरू हो जाएगा विद्यालयों का नया सत्र
- कक्षा एक व दो में एनसीईआरटी की किताबों से होगी पढ़ाई

**अमृत विचारः** एक अप्रैल से शुरू होने वाले शैक्षिक सत्र शुरू होने में मात्र दो दिन का समय शेष है लेकिन अभी सभी कक्षाओं की किताबें नहीं पहुंची हैं। खासकर कक्षा एक और दो की किताबें अभी तक नहीं आई हैं। हालांकि 21 लाख से अधिक किताबें मिल चुकी हैं। साथ ही उनका सत्यापन भी पूरा हो चुका है। अभी तीन लाख से अधिक आनी शेष हैं। इस बार कक्षा एक और दो के बच्चों को एनसीईआरटी किताबों से पढ़ाई कराई जाएगी।

जिले में परिषदीय विद्यालयों की कुल संख्या 2155 है। इनमें प्राथमिक, जूनियर और संविलियन स्कूल शामिल हैं। इन विद्यालयों में 2023-24 सत्र में 3.42 लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत थे। परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं 27 मार्च को संपन्न हो गई। अब कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। इसके बाद बच्चों को अगली कक्षाओं में प्रवेश दिया जाएगा। एक अप्रैल से नए सत्र का आरंभ होगा। जिसे देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी गई है। शासन की ओर से जिले में विभाग को करीब 21 लाख पुस्तकों को भेजा गया है। तीन लाख और आनी शेष हैं। प्राप्त पुस्तकों के सत्यापन का काम भी पूरा हो गया है लेकिन कुछ किताबें बीआरसी केंद्रों पर नहीं पहुंची हैं। किताबों को बीआरसी केंद्र पर भेजने का काम शनिवार से शुरू होगा। जो भी किताबें विभाग को मिली हैं उनमें कक्षा तीन से आठ तक किताबें शामिल हैं। अभी तक जिले में कक्षा एक और दो की पुस्तकें नहीं पहुंची हैं। जिसके कारण इन कक्षाओं के माध्यम से पढ़ने वाले बच्चे या तो पुरानी पुस्तकों से पढ़ेंगे या फिर बिना किताबों के ही उन्हें स्कूल आना पड़ेगा।

### पुस्तकें मिलते ही होगा वितरण

इस संबंध में बीएसए स्वाती भारती ने बताया कि जिले में 21 लाख से अधिक पुस्तकें आ गई हैं। जिनको बीआरसी केंद्रों तक पहुंचाने का कार्य शनिवार से शुरू कराया जाएगा। लेकिन अभी कक्षा एक और दो की पुस्तकें नहीं हैं। उनके आते ही उनका भी वितरण शुरू हो जाएगा।

# बदायूं में दो को प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भाजपा ने मुख्यमंत्री के दौरे का कार्यक्रम जारी किया

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब दो अप्रैल को बदायूं आएंगे। यहां वह शहर स्थित कृष्णा लॉन में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री बदायूं में एक घंटा 55 मिनट रुकेंगे, इसके बाद उनकी वापसी बरेली के लिए हो जाएगी। वहां त्रिशूल हवाई अड्डे पहुंचकर लखनऊ वापस लौट जाएंगे।

भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य ने लखनऊ से मुख्यमंत्री के दौरे का आया कार्यक्रम जारी किया है। जिसके अनुसार दो अप्रैल को मुख्यमंत्री लखनऊ से सीधे बरेली के त्रिशूल एयरपोर्ट पर दोपहर 11 बजकर 5 मिनट पर उतरेंगे। वहां से वह पहले पीलीभीत पहुंचेंगे। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर से एक बजकर 10 मिनट पर बदायूं के पुलिस परेड ग्राउंड स्थित हेलीपैड पर उतरेंगे। एक बजकर 40 मिनट पर शहर के कृष्णा लॉन में आयोजित होने वाले प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन स्थल पहुंचेंगे। जहां दोपहर में 2 बजकर 40 मिनट तक सभा सम्मेलन होगा। जिसके बाद दोपहर 3 बजकर 5 मिनट पर हेलीपैड से रवाना हो जाएंगे। दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर बरेली पहुंचेंगे।

# पुराने को विदाई और नवागत बीईओ का प्राथमिक शिक्षकों ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई कादरचौक के नेतृत्व में विकास क्षेत्र कादरचौक से स्थानांतरित हुए बीईओ डॉ. अमुल कुमार अग्रवाल को विदाई दी गयी तथा नवागत बीईओ दिलीप कुमार कन्नौजिया का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष अरुण पाण्डेय ने कहा कि स्थानांतरण एक विभागीय प्रक्रिया है। सभी इस व्यवस्था के अधीन हैं। कुछ अधिकारी अपने कार्यकाल में इतने अच्छे कार्य कर जाते हैं कि उनका स्थानांतरण सभी को खल जाता है। कादरचौक के बीईओ डॉ. अमुल कुमार अग्रवाल भी ऐसे ही अधिकारी हैं जिनकी कमी विकास क्षेत्र को खलती रहेगी।

संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विवेक द्विवेदी ने बीईओ के साथ गुजरे पलों को याद करते हुए आशा जताई कि नवागत बीईओ दिलीप कुमार का भी कार्यकाल यादगार रहेगा। इस अवसर पर संघ के जिला कोषाध्यक्ष भारत सिंह, जिला संयुक्त मंत्री मोरध्वज के साथ ब्लॉक मंत्री सुभाष सागर आदि रहे।



नवागत बीईओ दिलीप कुमार का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

## राजमार्ग पर पलटा ई-रिक्शा, छह घायल

**विजय नगला, अमृत विचार :** तेज रफ्तार ई-रिक्शा रास्ते में अचानक पलट गया। इसमें सवार छह लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव विजय नगला निवासी मोहित, अजय पाल, सुखरानी, रामसखी, अनारकली, संतोष ने ई-रिक्शा बुक किया था। गुरुवार सुबह लगभग आठ बजे ई-रिक्शा से बरेली के थाना भोजीपुरा क्षेत्र के कस्बा धौंराटांडा में होली मिलन को जा रहे थे। चालक ने ई-रिक्शा तेज चलाया। इसमें बैठे लोगों ने हल्के चलाने को लेकर बोला लेकिन वह नहीं माना। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर गांव करतोली के पास ई-रिक्शा पलट गया। मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर उनके परिजन पहुंच गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# चुनावः वाहन-ईंधन के लिए कवायद शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पंप संचालकों को ईंधन रिजर्व में रखने के डीएसओ ने दिए निर्देश
- तीन हजार से अधिक वाहनों की चुनाव में पड़ेगी आवश्यकता

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारी चल रही है। एक ओर चुनाव में ड्यूटी करने वाले कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू हो रहा है। वहीं, वाहनों की व्यवस्था के साथ ही उनके ईंधन की आपूर्ति करने के लिए भी अभी से कवायद शुरू कर दी गई है। चुनाव में लगने वाले वाहनों में डीजल व पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के लिए जिले के सभी पेट्रोल पंप मालिकों को हर समय पर्याप्त ईंधन उपलब्ध रखने के आदेश डीएसओ ने दिए है। जिला पूर्ति अधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को रिजर्व में आठ से दस हजार लीटर डीजल व पेट्रोल रखने के आदेश दिए हैं।

डीएसओ ने पेट्रोल पंप संचालकों से तीन से चार हजार लीटर पेट्रोल व पांच से छह हजार लीटर डीजल रिजर्व में रखने को गया है। समय से ईंधन उपलब्ध न कराने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी उनके द्वारा दी गई है। इस बार भी लोकसभा चुनाव को लेकर ईंधन की व्यवस्था के लिए काम शुरू हो गया है। उड़नदस्ते और अन्य दल अभी से ही काम में जुट गए हैं। इन टीमों के वाहनों के लिए ईंधन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए भी काफी मात्रा में डीजल की जरूरत पड़ेगी।

### हर समय रखने होंगे इतने स्टॉक

जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा ने बताया कि जिले में सौ से अधिक पेट्रोल पंप संचालित हैं। कम से कम पांच से छह हजार लीटर डीजल व तीन से चार हजार लीटर पेट्रोल सभी पेट्रोल पंप संचालकों को हर समय स्टॉक में उपलब्ध रखने को कहा गया है। समय से ईंधन उपलब्ध न कराने वाले पेट्रोल पंप संचालकों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

लोकसभा चुनाव में डीएम ने उप संभागीय परिवहन विभाग को तीन हजार से अधिक छोटे बड़े वाहनों को अधिकृत करने के लिए कहा गया है जिससे मतदान के दौरान कार्मिकों और पुलिस कर्मियों को उन वाहनों के द्वारा मतदान केंद्र तक ले जाने के साथ लाया जा सके।

**मुद्दा** लोकसभा चुनाव : जनप्रतिनिधि से लोगों ने लगाई उम्मीद

# जनपद में बेरोजगारी दूर करने को लगवाए उद्योग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मतदाताओं की राय और किसानों का भी रखा जाए ध्यान

**अमृत विचार :** संसद में बैठक कर क्षेत्र की समस्याएं उठाने वाले जमीनी नेता को जनता चुनेगी जिससे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो सके। बैनर और पोस्टर लगाने से विकास नहीं होगा। जमीन पर काम करने वाला प्रत्याशी होना चाहिए जो जीतने के बाद भी जनता के बीच ही रहे। लोगों की संवेदनाएं समझे और गांव गली की बात करे, ऐसे प्रत्याशी को बिना जात पात भेदभाव के चुनना चाहिए। महिला सुरक्षा और किसान हित की बात करने वाले को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

लोक सभा चुनाव के लिए इस बार सभी प्रत्याशियों को कांटों भरे रास्ते तय करने होंगे। अब प्रत्याशी घोषित होने के बाद चुनाव गति पकड़ने वाला है। मतदाता भी प्रत्याशी का चयन करने की तैयारी में हैं।

प्रबुद्ध वर्ग का कहना है कि बदायूं लोक सभा सीट पर उस प्रत्याशी का चयन किया जाए जो जात पात से ऊपर उठ कर काम करने वाला हो। विकास कराने वाला हो। लोगों की संवेदनाओं को समझने वाला होना चाहिए। विकास के नाम पर केवल बैनर पोस्टर लगाने वाला व्यक्ति नहीं चाहिए। पढ़ा लिखा व्यक्ति समाज को विकास के रास्ते पर आगे ले जा सकता है। धर्म सम्प्रदाय की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। विकास के लिए जरूरी है जनता के साथ उसका तालमेल बेहतर हो, केवल वादे करने वाले को नहीं चुना जाए। काम करने वाले को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

शहर के लोगों का कहना है कि एक सांसद को पांच साल का समय मिलता है। यदि सांसद मेहनती है तो पांच साल में विकास की गंगा बहा सकता है। लोगों के सामने एक मिसाल पेश कर सकता है। यदि वह ईमानदारी से काम करे तो पांच साल का समय बहुत होता है। लेकिन जिनकी नीयत केवल संसद तक पहुंचने की हो। वह लोग विकास को तरजीह नहीं देते हैं। ऐसे कई सांसद हुए हैं जो चुनाव जीतने के बाद जनता के बीच नहीं पहुंचे, इसलिए जनता ने उनसे नमस्ते कर ली। लेकिन लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है। जिसको चाहे चुन कर संसद भेज दे। इस वार लोग सोच समझ कर मतदान करेंगे जिससे उन्हें अपने सांसद से काम लेने में समस्या न हो।

## ईमानदार प्रत्याशी को चुनने पर दिया जोर


जनता उसी को चुनेगी जो ईमानदार होगा, विकास की बात करेगा। धर्म सम्प्रदाय की बात करने वाले को नही चुना जाना चाहिए। समान रूप से सभी के साथ तालमेल बना कर काम करने वाले को संसद पहुंचाएंगे। जनप्रतिनिधि जमीनी नेता होना चाहिए।

**-गौरव अनेजा** एडवोकेट


संसद में बोलने वाले जनप्रतिनिधि को चुना जाए। अपने क्षेत्र का विकास करने वाले को संसद पहुंचाया जाए। हर बार चुनाव होते हैं प्रत्याशी जीतने के बाद जनता के बीच नहीं पहुंचते हैं जिससे लोगों के कामकाज नही हो पाते हैं। इस बार चुनाव ऐसे ही प्रत्याशी का करना है।

**- आरपीएन सिंह-** रिटायर्ड अधिकारी


लोकसभा चुनाव शुरू हो गया है। तमाम पार्टियां चुनाव प्रचार की तैयारी कर रही हैं। जनता ने भी पूरी तैयारी कर ली है। सोच समझ कर मतदान करना है। काम करने वाले को चुना जाना है। बाहरी प्रत्याशी से सावधान रहना है। सभी को विकास से जोड़ने वाले को मौका दिया जाएगा।

**-रोहित माहेश्वरी** - व्यापारी


जनता की आवाज संसद में उठाने वाला जनप्रतिनिधि ही विकास कर सकता है। इस बार ऐसे प्रत्याशी को चुना जाएगा। बाहर के प्रत्याशी कभी काम नही कराते हैं। स्थानीय प्रत्याशी विकास कराता है। जनता उससे कभी भी मिल सकती है। इसलिए नेता को नही मेहनतकश को चुना जाना चाहिए।

**-मोहम्मद शोएब-** प्रोफेसर दास कालेज



रमज़ान मुबारक
30 मार्च 2024 उन्नीसवां रोज़ा इफ्तार 6:34
31 मार्च 2024 बीसवां रोज़ा सहरी 4:39
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.बी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूँ
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
विशेष सुविधाएं :
● हड्डी के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● महिलाएं के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● बी.पी., शुगर व डेंगू के मरीजों के लिए विशेष इलाज की सुविधा। ● आई.सी.यू. की सुविधा।
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# वन विभाग की जमीन पर कब्जे की कोशिश, जांच को आई बरेली से टीम

## जंगल में वन विभाग की जमीन की देखी स्थिति, ग्रामीणों से की बातचीत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


मालपुर ततेरा जंगल का निरीक्षण करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- अधिकारी ने कहा- मालपुर ततेरा जंगल का कराया जाएगा सीमांकन तब स्थिति होगी स्पष्ट

**अमृत विचार :** सहसवान क्षेत्र में वन विभाग का वन क्षेत्र है। इस जंगल में कई हजार पेड़ हैं। कुछ खाली जगह भी है। जिस पर किसान खेती करते हैं। वन विभाग की जमीन पर कब्जा होने की शिकायत पर डीएफओ ने टीम के साथ मौके पर पहुंच कर वन क्षेत्र का निरीक्षण किया। जबकि तीन दिन पहले बरेली की टीम ने भी इस जंगल का निरीक्षण किया था।

सहसवान क्षेत्र में मालपुर ततेरा का जंगल है। यह पूरा वन क्षेत्र वन विभाग का है। इस जंगल में कई हजार पुराने पेड़ हैं। जंगल के बीच में कुछ खाली जमीन भी पड़ी है। इस जमीन के साथ ही मालपुर गांव के लोगों की जमीन भी है। वह लोग अपनी जमीन के साथ वन क्षेत्र की कुछ जमीन पर कब्जा किए बैठे हैं। मालपुर निवासी मोहकम ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों और मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत की है कि वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। उसे खेती नहीं करने दिया जा रहा है। इस मामले में स्थानीय वन विभाग कर्मचारियों की मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया है। कई अधिकारियों को भेजी गयी शिकायत पर अधिकारियों ने अमल करना शुरू कर दिया है। 26 मार्च को बरेली वन विभाग की एक टीम यहां पहुंची थी। टीम ने पूरे वन क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद खाली पड़ी जमीन को भी देखा। कुछ जमीन पर किसानों की फसलें भी खड़ी हैं। टीम ने जंगल का बारीकी से जायजा लिया और जमीन का सीमांकन कराने की बात कह कर टीम वापस लौट गयी।

उसके बाद शुक्रवार को डीएफओ प्रदीप कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। डीएफओ और सहसवान के रेजर अशोक त्यागी ने वन क्षेत्र का निरीक्षण किया। उसके बाद शिकायतकर्ता मोहकम को भी मौके पर बुलाया। शिकायतकर्ता का कहना था कि उसकी जमीन है। इस पर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी खेती नही करने दे रहे हैं। जबकि रेंजर अशोक त्यागी का कहना है कि शिकायतकर्ता मोहकम ने अपनी जमीन के साथ ही वन विभाग की जमीन पर भी कब्जा कर लिया है। इसलिए उसे खेती करने से रोका जा रहा है। मोहकम से कहा गया जब तक जमीन का सीमांकन नही हो जाता तब तक यहां पर खेती नही की जाएगी।

डीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि मालपुर ततेरा का जंगल काफी बड़ा क्षेत्र है। इसका सीमांकन कराया जाएगा। उसके बाद स्थित साफ हो पाएगी।

## घर में आया करंट शिकायत करने पर दी गालियां

**बिसौली ,अमृत विचार :** घर में करंट आने पर एक विधवा महिला अधिशासी अभियंता से शिकायत करने पहुंची तो लाइनमैन ने उसे जाति सूचक गालियां दी हैं जिससे परेशान महिला ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार करते हुए आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। नगर के होली चौक स्थित ठकुराइन मोहल्ला में विधवा अंजू रानी के मकान की दीवार पर लगे लोहे के एंगल से होती हुई पूरे मोहल्ले में सप्लाई जाती है। गुरुवार को दोपहर एंगल पर ज्यादा केबिल लगी होने से एंगल एक तरफ झुक गया जिस कारण अर्थिंग होने से पूरे घर मे करंट दौड़ गया। विधवा के छोटे छोटे बच्चे घर में खेल रहे थे। जैसे तैसे किसी तरह से बच्चो को घर से बाहर निकाला। महिला बिजली घर पर इसकी शिकायत करने गई तो लाइनमैन ने जातिसूचक गालियां देकर भगा दिया। जिसकी महिला ने उच्च अधिकारियों से भी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।


अंजू रानी।

# पूर्णागिरी के लिए चलेगी कासगंज-टनकपुर मेला ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


रेलवे स्टेशन बदायूं।

- श्रद्धालुओं के लिए सोमवार से शुरू होगा ट्रेन का संचालन
- रेलवे ने जारी की समय सारणी किराया रहेगा कम

**अमृत विचार :** पूर्णागिरि मेला के लिए रेलवे प्रशासन ने कासगंज-टनकपुर मेला स्पेशल पैसेंजर ट्रेन एक अप्रैल से चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन अगले आदेश तक चलती रहेगी। मेला जाने वालों की सुविधा को देखते हुए ट्रेन शुरू की गयी है।

इन दिनों पूर्णागिरि देवी मेला शुरू हो चुका है। मेला जाने वालों को असुविधा न हो इसलिए रेलवे प्रशासन ने कासगंज-टनकपुर मेला स्पेशल पैसेंजर ट्रेन एक अप्रैल से शुरू करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन कासगंज से चलकर सुबह 5 बजे चल कर सोरों नगरिया, कछला, उझानी होती हुई सुबह 6:30 बजे बदायूं रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। इस ट्रेन से मेला जाने वालों को विशेष लाभ होगा। यह ट्रेन दिन में 11:45 बजे टनकपुर पहुंचेगी और फिर वहां से 2 बजे वापसी करेगी। जो अपने निर्धारित लाइन पर होती हुई बदायूं से कासगंज पहुंचेगी। रेलवे प्रशासन का कहना है कि मेला को देखते हुए ट्रेन शुरू की गयी है जो अगले आदेश तक चलती रहेगी। इस ट्रेन का किराया भी कम होगा इसलिए मेला जाने वालों को इस ट्रेन से अधिक लाभ होगा।

रेलवे स्टेशन मास्टर विपिन कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि एक अप्रैल से ट्रेन शुरू हो जाएगी। इसका समय भी निर्धारित कर दिया गया है जिससे यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। मां पूर्णागिरि मेला के शुरू होते ही यहां पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गयी है। अब ट्रेन शुरू हो जाने से लोगों को सुविधा होगी।

## एक नजर

### दो वारंटियों को भेजा जेल

**बिल्सी।** कोतवाल केके मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के गांव पसगवां निवासी अभियुक्त आरेन्द्र पुत्र सत्यवीर सिंह पिछले 14 वर्ष से वारंट पर चल रहा था। जिसकी पुलिस लंबे समय तलाश कर रही थी। पुलिस ने गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा क्षेत्र के गांव सदरपुर निवासी एचएस वारण्टी भूरा उर्फ नन्हे पुत्र सरनाम सिंह, जो कई मुकदमों में वांछित था। जिसका भी कोर्ट द्वारा वारंट जारी हो चुका था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### लोहे के पोल में करंट आने से गोवंश की मौत

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव वैन स्थित होली चौक पर लगे ट्रांसफार्मर के पोल में आए करंट से एक गोवंश की मौत हो गई। जिसकी सूचना रोष जताते हुए ग्रामीणों ने बिजली विभाग को दी है। बिल्सी क्षेत्र के गांव वैन निवासी राजपाल पाली पुत्र नत्थू लाल की गाय घास चरने के बाद घर को लौट रही थी। तभी रास्ते में गांव के होली चौक के निकट लगा जिओ टावर के ट्रांसफार्मर के पोल के चपेट में आ गई। इससे पहले भी यहां कई पशु पोल में करंट आने से मर चुके हैं।

# ग्रामीणों ने उठाए हथियार, खेतों में चलाया तेंदुआ खोजो अभियान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


ग्रामीणों से जानकारी करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों को उम्मीद, डर के साये में रह रहे ग्रामीण

**अमृत विचार :** छह दिन से सलारपुर क्षेत्र में तेंदुआ ग्रामीणों के लिए दहशत बना हुआ है। सलारपुर फैक्ट्री क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने के बाद से वन विभाग की टीम और पुलिस लगातार गश्त कर रही है। वन विभाग के हाथ अभी तक कुछ नही लगा है। टीम ने शुक्रवार को भी ग्रामीणों से जानकारी की।

छह दिन पूर्व इस क्षेत्र में एक फैक्ट्री के आगे तेंदुआ बैठा देखा गया। उसके बाद वन विभाग सतर्क हो गया। कई टीमें इस क्षेत्र में लगा दी गयीं। ग्रामीण भय के साए में जी रहे हैं। खेतों पर किसानों ने जाना बंद कर दिया है। पशुओं को भी अंदर बांधा जा रहा है। शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने सलारपुर गांव के लोगों से तेंदुआ के बारे में जानकारी की। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ देखा गया है। अब वह किधर छिपा है। इस बात को लेकर भय बना हुआ है। पुलिस भी गश्त कर रही है। फैक्ट्री क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है।

> तेंदुआ को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। रात को टीम तैनात रहती है। ग्रामीणों का भी सहयोग लिया जा रहा है। पुलिस रात को रोड पर रहती है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी को डरने की जरूरत नही है। वन विभाग की टीम तेंदुआ के मूवमेंट पर नजर रख रही है।
>
> -आकांक्षा अग्रवाल - रेंजर शहर क्षेत्र

## किशोरी को गलत नीयत से पकड़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कांट थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया कि बुधवार की दोपहर तीन बजे वह और उसकी 16 वर्षीय पुत्री खेत पर थी। वह झोपड़ी में लेटा हुआ था। उसकी पुत्री खेत पर शौच करने के लिए गयी। आरोप है कि गांव के तीन युवकों ने उसकी पुत्री को गलत नीयत से जबरन पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पुत्री को मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर ने बताया कि आरोपी शिवशंकर, मोनू, सोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इधर, कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी गुरुवार सुबह नौ बजे खेत पर उपले पाथने के लिए गई थी। गांव का एक युवक उसे गन्ने के खेत में ले गया। आरोप है कि किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# घर आ रहे युवक की हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


घटनास्थल पर मौजूद भीड़। ● अमृत विचार

- गुरुवार रात गांव करियाबेन निवासी अपनी बहन के घर से लौट रहा था युवक

**अमृत विचार :** थाना जरीफनगर क्षेत्र में सड़क किनारे युवक का शव मिला। उसके शरीर के निचले हिस्से के ऊपर बाइक पड़ी थी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। युवक की शिनाख्त करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव टेहरा निवासी सुनील कुमार गांव करियाबेन निवासी अपनी बहन के यहां गए थे। गुरुवार रात वह बाइक से वापस अपने गांव जाने के लिए निकले थे। थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव खरखोली और मलिकपुर बिचौला के बीच किसी वाहन ने उनके बाइक को टक्कर मार दी थी। सुनील की मौके पर मौत हो गई। शव और बाइक सुबह तक सड़क किनारे पड़े रहे। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपती घायल

**मुजरिया।** थाना उझानी के ग्राम मुजरिया हाईवे पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां से दोनों को बरेली को रेफर कर दिया गया है। कार चालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। थाना कुंवर गांव क्षेत्र ग्राम चकोलर निवासी अनोखेलाल अपनी पत्नी कलावती को साथ लेकर बाइक से मुजरिया क्षेत्र के ग्राम ज्वालापुर में अपनी रिश्तेदारी में शुक्रवार को जा रहे थे तभी उझानी मुजरिया हाईवे पर सामने से आ रही एक वैगनआर कार ने अनोखेलाल की बाइक को टक्कर मार दी जिससे उसकी बाइक उछल कर दूर जा गिरी। इस हादसे में दंपती घायल हो गया। इस दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पति पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से दोनों को बरेली रेफर कर दिया। घायलों के परिजनों ने कार चालक के खिलाफ मुजरिया थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

## हत्या का अंदेशा जता एसआई ने परिचितों को किया फोन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सूचना पर पहुंचे परिजनों ने डॉक्टर को दिखाया, एसआई सिजोफ्रेनिया से हैं पीड़ित

**अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली में तैनात उपनिरीक्षक ने निरीक्षक, अपराध निरीक्षक और वरिष्ठ उपनिरीक्षक पर हत्या का अंदेशा लगाते हुए खुद को कमरे में बंद कर लिया। अपने परिचितों को फोन किया और बताया कि यह लोग उनके हत्या करवाना चाहते हैं। परिजन आए और उन्हें अस्पताल लेकर गए। पुलिस के अनुसार उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

उपनिरीक्षक संजय सिरोही कोतवाली बिसौली में तैनात हैं। गुरुवार रात उन्होंने खुद को कमरे में बंद कर लिया और अपने सभी परिचितों को बारी-बारी से फोन किया। शुक्रवार सुबह भी उन्होंने पत्रकारों को फोन किया और अपनी हत्या की आशंका की बात की। खबर प्रकाशित करने की बात की। शुक्रवार को उनके परिजन पहुंच गए। सूचना पर पुलिस उनके घर पहुंची।

उपनिरीक्षक को अस्पताल ले गए। सीओ सुनील कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक की मानसिक स्थिति सही नहीं है। वह सिजोफ्रेनिया के मरीज हैं। अपने मोबाइल में जितने भी नंबर थे। उन्होंने सभी को फोन कर लिया। परिजनों उनकी बीमारी के बारे में पता है। सूचना पर उनकी पत्नी गुड्डो देवी और बेटा आए थे। उन्हें अस्पताल लेकर गए हैं।

# शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, आरोपी पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वर्षों से जंगल में छिपकर अवैध असलाह बना रहा था अठरा कुनिया निवासी ओमप्रकाश
- अलापुर पुलिस ने असलाह बनाते समय पकड़ा, बने व अधबने असलाह किए बरामद



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और जानकारी देते एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव।

**अमृत विचार :** थाना अलापुर पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी है। एक युवक को अवैध शस्त्र बनाते गिरफ्तार किया। उसके पास से निर्मित,अर्द्धनिर्मित शस्त्र और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया। एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता के माध्यम से खुलासा किया। दातागंज सीओ केके मिश्रा मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस सख्ती बरत रही है। गुरुवार रात लगभग पौने 12 बजे पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि अलई नगला मार्ग पर श्मशान भूमि के पास नाले की ओर झाड़ियों के पास अवैध शस्त्र बनाए जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां से एक युवक को हिरासत में लिया। उसने अपना नाम थाना अलापुर क्षेत्र के गांव अठर्रा कुनिया निवासी ओमप्रकाश उर्फ कल्लू पुत्र प्रेमपाल बताया। पुलिस को मौके से दो पौनिया, एक तमंचा, 8 अधबने तमंचे और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए। पूछताछ में उसने बताया कि वह शस्त्र बनाकर आसपास क्षेत्र में कम दामों पर बेचता है। उसके खिलाफ पहले से लूट और आर्म्स एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल सत्यवीर सिंह, सुमित पुंडीर, सोबित कुमार रहे।

## भीड़ ने दो व्यक्तियों को पीटा पुलिस को सौंपा, पूछताछ

संवाददाता, विजय नगला

- पकड़े गए व्यक्ति दूसरे संप्रदाय के निकले, युवती को कार से लाने का कर रहे थे प्रयास

**अमृत विचार:** एक महिला को कार के द्वारा ले जाने की कोशिश कर रहे दो व्यक्तियों को भीड़ ने पकड़ लिया, उनकी जमकर धुनाई लगाई। उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पकड़े गए दोनों व्यक्ति दूसरे संप्रदाय के बताए जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह एक महिला कस्बा बिनावर स्थित हनुमान मंदिर के पास उतरी और कुछ लोगों का इंतजार करनी लगी। समय अधिक होने पर उसने वहां खड़े एक व्यक्ति से फोन मांग कर किसी से बात की। महिला के बात करने के बाद उस व्यक्ति ने ट्रूकॉलर पर उस नंबर को चेक किया। उसके बाद फोन कर अन्य लोगों को बुला लिया। इसी दौरान एक कार वहां आकर रुकी, जिसमें तीन लोग बैठे हुए थे। महिला कार में बैठने ही वाली थी कि वहां पर खड़े लोगों ने कार को घेर लिया और कार में सवार लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। इसी दौरान कार में बैठा युवक भाग खड़ा हुआ। इसके बाद मौजूद भीड़ ने दोनों युवकों को कार से उतार कर पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। भीड़ ने पकड़े गए युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। इंस्पेक्टर गुड्डू सिंह ने बताया पकड़ी गई महिला को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं, दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है।

## आंबेडकर का तीन दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम 13 से

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के नेकपुर स्थित पार्क में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की ओर से बैठक अध्यक्ष चिरंजी लाल के नेतृत्व में किया गया। इसमें निबताया गया कि 13 को जिला अस्पताल के सामने डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क में विभिन्न कार्यक्रम व बाबा साहेब के जीवन से संबंधित चल चित्रों का प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी । 14 को विशाल शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई गांधी ग्राउंड पहुंचकर जनसभा में परिवर्तित होगी। 15 को अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन गांधी ग्राउंड में किया जाएगा। इस मौके पर ब्रह्मानंद बौद्ध मीडिया प्रभारी, पवन गौतम, हरीश दिनकर, राजीव कुमार, महिपाल टंडन, प्रेमपाल सिंह, चिरंजी लाल, भारत सिंह आदि रहे।

## छत पर सो रहा था परिवार, गिरा लिंटर

संवाददाता, सहसवान


शुक्रवार सुबह गांव बाजपुर में अचानक गिरा लिंटर। ● अमृत विचार


अस्पताल में भर्ती घायल सुमित।

- शुक्रवार छह बजे अचानक गिर गया लिंटर, मां-बेटी समेत चार घायलों को कराया भर्ती

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बाजपुर में पुराने मकान का लिंटर शुक्रवार सुबह अचानक गिर गया। मलबा में दबकर मां-बेटी समेत चार लोग घायल हो गए। दो घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि दो घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज चल रहा है। तहसील प्रशासन ने मौका मुआयना किया।

गांव बाजपुर निवासी सुमित पुत्र मोहन लाल, उनका भाई आशीष, विधवा भाभी नन्हीं और छह महीने की उनकी बेटी काव्या गुरुवार रात अपने मकान की छत पर सो रहे थे। शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे मकान का लिंटर गिर गया। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर नन्हीं और आशीष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। राजस्व निरीक्षक रियाजउद्दीन और हल्का लेखपाल मनोहर सिंह मौके पर पहुंचे। एसडीएम प्रेमपाल सिंह ने बताया कि लेखपाल को भेजकर रिपोर्ट मांगी गई है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जेल से छूटकर आए युवक ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शिकायतकर्ता की बेटी को आरोपी युवक ले गया था, अगले दिन कुएं में मिला था शव

**अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि पिछले साल उनकी बेटी घर से लापता हो गई थी। इधर-उधर तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका था। पुलिस ने चार महीने के बाद खुलासा किया। उनकी बेटी को ले जाने वाले आरोपी वीरेंद्र कुमार और उसके रिश्तेदार को गिरफ्तार किया था। जिनकी निशानदेही पर उनकी बेटी का शव कुआं से बरामद किया था। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा। आरोप है कि वीरेंद्र जेल से छूटकर आया। 25 मार्च दोपहर वीरेंद्र ने उनसे कहा कि उन्होंने उसके खिलाफ गवाही क्यों दी थी। वह गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। विरोध करने पर वीरेंद्र, उसके साथी विकास, किशोरी, रजत के साथ मिलकर उसको पीटा। सिर पर हमला किया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

## मुख्तार अंसारी की मौत खुद संज्ञान में ले कोर्ट : शिवपाल

**बदायूं, अमृत विचार :** पूर्व विधायक माफिया मुख्तार अंसारी की मौत को समाजवादी पार्टी के बदायूं लोकसभा सीट से प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव ने संदेह के घेरे में बताया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्तार अंसारी के परिवार से उनके अच्छे रिश्ते हैं। आजादी की लड़ाई में उनके परिवार का बड़ा योगदान रहा था। जेल में किसी की मौत होती है तो प्रशासन से लेकर शासन तक की जिम्मेदारी होती है। कोर्ट को इसमें खुद ही संज्ञान लेना चाहिए। जिलाधिकारी को खुद ही उनके बेटे को जनाजे में शामिल होने की अनुमति देनी चाहिए।

# सेवानिवृत्त सीओ के खिलाफ कुर्की वारंट जारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला, इंस्पेक्टर-दरोगा का वेतन रोकने का आदेश

**अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश इसी एक्ट रिंकू जिंदल ने मुकदमा के साक्ष्य न देने पर सेवानिवृत्त सीओ वीरेंद्र यादव के खिलाफ कुर्की वारंट जारी किया है। मुकदमा में साक्षी इंस्पेक्टर-दरोगा का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने को कहा है।

थाना उघैती में सरकार बनाम राहुल आदि में हत्या और अपहरण की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिसकी पत्रावली साक्ष्य में चल रही है और इन तीन लोगों की गवाही बाकी थी। लगातार कोर्ट ने सम्मन जारी करके उक्त लोगों से गवाही देने का आदेश दे रखा था लेकिन सेवानिवृत्त सीओ, इंस्पेक्टर और दरोगा ने पत्रावली पर किसी भी तरह की गवाही नहीं दी। जिस वजह से न्यायालय ने तीनों को 6 अप्रैल को हाजिर होने का आदेश दिया है। पूर्व सीओ वीरेंद्र सिंह यादव की कुर्की का आदेश वर्तमान पता बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र के राधे श्याम इंक्लेव है। वर्तमान में दक्षिणी बरेली के एसपी देहात के पीआरओ इंस्पेक्टर धर्मेंद्र यादव और जिला संभल के थाना बनियाठेर क्षेत्र निवासी दरोगा अजीत सिंह का वेतन रोकने का आदेश दिया है। साथ ही संबंधित अधिकारी को आदेश की तामील कराने को कहा है।

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# गांव गया परिवार तो चोरों ने खंगाला घर

## होली पर परिवार के साथ पैतृक गांव गए थे आढ़ती, 7 लाख की नगदी व जेवर समेत ले गए चोर


घर में चोरी की जानकारी देते आढ़ती सौरभ। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने दिया आश्वासन कहा-जल्द किया जाएगा खुलासा**

**अमृत विचार :** चोरों ने होली का त्योहार मनाने के लिए पैतृक गांव गए आढ़ती का घर खंगाल लिया। घर से सात लाख रुपये नगद और लगभग तीन लाख रुपये के आभूषण चोरी करके ले गए। आढ़ती ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। आढ़ती ने तहरीर देकर खुलासे की मांग की है। कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मंडी समिति के पीछे मोहल्ला सुंदरनगर निवासी सौरभ सिंह उसावां के रहने वाले हैं। वह उसावां में ही आढ़त चलाते हैं। पिछले साल उन्होंने सुंदरनगर में मकान बनवाया था। यहीं शिफ्ट हो गए थे। होली के मौके पर वह अपने परिवार के साथ गांव गए थे। गुरुवार को वापस आने की तैयारी थी लेकिन किसी काम के चलते वह नहीं आ सके। गुरुवार रात गांव में ही रुक गए। रात में चोरों ने उनका मकान खंगाल लिया। शुक्रवार सुबह लोगों की सूचना पर सौरभ सिंह पहुंचे। घर में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी के ताले टूटे पड़े थे। उनके अनुसार चोर घर से सात लाख रुपये और जेवर चोरी करके ले गए। प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### छुरे और तमंचा के साथ दिखे संदिग्ध तो दी तहरीर



**बदायूं।** पिछले दिनों से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। चोर रात में बंद घरों को खंगाल रहे हैं। गुरुवार की रात सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र की विवेक बिहार कॉलोनी में दो संदिग्ध देखे गए हैं। जिनके हाथ में छुरे और तमंचे दिख रहे हैं। जिन्होंने एक विधवा महिला के घर में घुसने की कोशिश की। आहट होने पर कॉलोनी के लोगों ने शोर मचाया। वह चोरी करने में असफल रहे। आसपास रहने वाले लोगों ने शुक्रवार सुबह सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। इसमें दोनों संदिग्ध नजर आ रहे हैं। कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने पुलिस को तहरीर दी है। लोगों में दशहत है। पुलिस ने संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

# फ्लोराइड का अधिक प्रयोग बिगाड़ सकता है मुस्कान

**बरेली ,अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत ने बताया कि फ्लोरोसिस ऐसी बीमारी है जो फ्लोराइड के संपर्क में आने से होती है। यह बीमारी बच्चों और वयस्कों दोनों को प्रभावित कर सकती है। यह दांतों की मजबूती को प्रभावित करके उन्हें कमजोर बना सकती है। उन्होंने बताया कि फ्लोरोसिस के मुख्य कारणों में पानी में अधिक फ्लोराइड, फ्लोराइड सप्लीमेंट्स का अधिक उपयोग और अनावश्यक फ्लोराइड सामग्रियों का उपयोग शामिल है। अधिक फ्लोराइड के संपर्क में आने से दांतों की ऊपर की परत पर सफेद दाग बन सकते हैं जिससे दांतों का आकार बिगड़ सकता है और उनमें कमजोरी आ सकती है। उन्होंने बताया कि दंत चिकित्सक फ्लोरोसिस के लक्षणों को देख कर उपचार का निर्धारण करते हैं जिसमें दांतों पर फ्लोराइड के संचय को कम करने के लिए फ्लोराइड निष्कासन की प्रक्रिया शामिल है।

# शिक्षित होने पर ही होगा समाज का विकास


होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद मौर्य शाक्य समाज के लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बिल्सी**

**अमृत विचार :** शुक्रवार को नगर के बदायूं रोड पर स्थित एक पैलेस में शाक्य, मौर्य, कुशवाह, सैनी समाज का एक होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह की मुख्य वक्ता रही पूर्व जिला पंचायत सदस्य ममता शाक्य ने कहा कि होली हम सभी के लिए आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जो समाज जितना अधिक शिक्षित होगा। उसका विकास भी उतना ही अधिक होगा। इसलिए मौर्य-शाक्य समाज के लोगों को चाहिए कि वह अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा ग्रहण कराएं। चाहे इसके लिए उन्हें एक रोटी कम क्यों न खानी पड़े। समाजसेवी उदयवीर सिंह शाक्य ने कहा कि सभी को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इससे सामाजिक समरसता में वृद्धि होती है। इस मौके पर मुकेश मौर्य, डॉ बीपी मौर्य ,रामेश्वर शाक्य, उदयवीर सिंह शाक्य, चंद्रपाल शाक्य, स्वराज शाक्य, निहाल मौर्य, राकेश मौर्य, राम सिंह शाक्य, छत्रपाल शाक्य, पीडी सिंह शाक्य, गुड्डू शाक्य आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम और सीओ ने किया गांवों में फ्लैग मार्च, शांति व्यवस्था की अपील

**संवाददाता, सहसवान**


गांवों में फ्लैग मार्च करते सीओ व एसडीएम। ● अमृत विचार

- **लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर आसामाजिक तत्वों को दी गई चेतावनी**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर एसडीएम प्रेमपाल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी कर्मवीर सिंह और कोतवाल सौरभ सिंह के नेतृत्व में पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों ने आधा दर्जन से अधिक गांवों और नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। मार्च के दौरान लोगों से चुनाव व त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। कहा कि किसी को कोई समस्या है तो इसकी जानकारी दें। जिसके बाद ऊचित कदम उठाया जाएगा।

एसडीएम व सीओ ने लोगों से कहा कि सभी लोग आपस में मिलकर रहें, खुराफात करने वालों की सूचना पुलिस को दें। आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने पर कार्रवाई की जाएगी। अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। सावधानी बरतें। अराजक तत्वों पर नजर बनाए रखें और पुलिस को सूचना दें जिससे उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। सीओ कर्मवीर सिंह ने कहा कि पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह जगह तैनात की गयी है। किसी को डरने की जरूरत नही है। लोग चुनाव में खुल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# कांग्रेस से टिकट मांग रहे छोटेलाल बसपा में शामिल

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार ने शुक्रवार को बसपा में शामिल हो गए। वह कांग्रेस के टिकट पर बरेली से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे लेकिन गठबंधन की वजह से सीट सपा के खाते में चली गई। माना जा रहा है कि अब वह बसपा के टिकट पर दावा करेंगे। पूर्व विधायक ने बताया कि बसपा प्रमुख मायावती से मुलाकात के बाद यह फैसला लिया। उन्होंने उनसे पार्टी को मजबूत करने को कहा है। शुक्रवार को बसपा के मंडल कार्यालय पर मुख्य मंडल प्रभारी ब्रह्मस्वरूप सागर और जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की मौजूदगी में उन्होंने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया।

# दस ट्रक पत्थर से होगी उसहैत और सहसवान बांध की मरम्मत

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **बाढ़ का प्रकोप रोकने को बांधों की मरम्मत के लिए बाढ़ खंड जुटा**
- **जिले में नौ प्वाइंटों पर हो रही मरम्मत, उसावां बांध संवेदनशील**

**अमृत विचार :** बारिश के समय बाढ़ का प्रकोप रोकने को तटबंधों को मजबूत किया जा रहा है। इसके लिए शासन से धन स्वीकृत हो चुका है। बाढ़ खंड बांधों की मरम्मत में जुट गया है। उसहैत और सहसवान बांध पर दस ट्रक पत्थर डाले जाएंगे।

बाढ़ खंड ने जिले में गंगा के बांधों की मरम्मत के लिए नौ स्थानों को चिह्नित किया है। इन स्थानों में उसहैत का बांध मुख्य है। इस बांध की पुख्ता मरम्मत की जानी है। यह बांध पिछले साल बाढ़ के समय कई बार क्षतिग्रस्त हुआ था जिससे रातों रात ठीक कराया गया था। बाढ़ खंड की सतर्कता के चलते बाढ़ को रोक गया। उधर सहसवान का महाबा बांध की स्थिति भी बेहद नाजुक बनी हुयी थी। इस बांध की अब मरम्मत की जा रही है। दातागंज और उसावा के साथ ही कछला का हुसैनपुर बांध की मरम्मत 14 मार्च से जारी है।


### इन बांधों पर डाले जाएंगे अधिक पत्थर

बाढ़ खंड अधिकारियों का कहना है कि उसहैत और सहसवान बांध पर कुछ अधिक पत्थर डाले जाएंगे जबकि अन्य बांधों पर कम पत्थर डाले जाएंगे। इसलिए बाढ़ खंड दस ट्रक पत्थर मंगाएगा। पत्थर के लिए ठेकेदार को जिम्मेदारी दे दी गयी है। अप्रैल के पहले सप्ताह में पत्थर आ जाएंगे। सबसे पहले उसहैत के बांध पर पत्थर डाले जाएंगे। इस बांध की लम्बाई भी करीब दस किमी है। इसलिए बांध को ठीक करने में भी समय लगेगा। गंगा किनारे काफी दूरी तक पत्थर डालने की तैयारी है। उधर, महाबा बांध पर भी काम हो रहा है। इस बांध पर पत्थर डालने के लिए स्थान चयनित कर लिया गया है। कछला के हुसैनपुर बांध ठीक स्थिति में है। फिर भी बांध की मरम्मत की जाएगी। इस बांध पर पत्थर कम डाला जाएगा। दातागंज इलाके से होकर गुजरने वाली रामगंगा का कुछ हिस्सा इस क्षेत्र को खतरा बना रहता है। इस हिस्से की मरम्मत करने के लिए स्थान चिह्नित किया गया है। इसी तरह कुल नौ प्वाइंटों पर मरम्मत का काम किया जाना है। इसलिए अप्रैल और मई में काम जारी रहेगा।

> शासन से 30 करोड़ की धनराशि स्वीकृत होने से मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। बांधों पर डालने के लिए दस ट्रक पत्थर मंगाए जाने को ठेकेदार से कहा गया है। यह पत्थर अप्रैल के प्रथम सप्ताह में यहां पहुंच जाएगा। उसके बाद बांधों पर डाला जाएगा। बांधों के मरम्मत का कार्य दो महीने तक चलेगा।
> –**नेशपाल** – सहायक अभियंता बाढ़ खंड

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जॉंच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
- डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
- दिल सम्बन्धित बीमारियां
- शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
- बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
- थायराइड, गठिया, खून की कमी
- जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
- दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफ्लाइटिस,
- लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
- गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

# प्रेमी जोड़े ने ट्रेन से कटकर दी जान

**संवाददाता, बरेली/आंवला**

- **परिजनों ने शादी करने से किया था इन्कार**
- **रात 11 बजे रेवती बहोड़ा खेड़ा स्टेशन के पास हुई घटना**

**अमृत विचार :** बरेली-चंदोसी रेलवे ट्रैक पर रेवती बहोड़ा खेड़ा रेलवे स्टेशन के पास प्रेमी-प्रेमिका ने ट्रेन के आगे लेटकर जान दे दी। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन उनके परिजन राजी नहीं थे। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव ट्रैक से हटाकर परिजनों को सूचना दी।

आंवला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवक की चचेरी बहन की शादी दूसरे गांव में पांच साल पहले हुई थी। युवक के प्रेम संबंध चचेरी बहन की 20 वर्षीय ननद से हो गए। दोनों ने शादी करने का फैसला कर लिया। दोनों के परिजनों को जब जानकारी हुई तो विरोध शुरू हो गया। युवती के परिजनों ने रिश्ता उल्टा होने की वजह से शादी करने से इन्कार कर दिया। दो महीने पहले युवक के पिता ने उसकी शादी दूसरी लड़की से तय कर दी लेकिन युवक ने शादी से मना कर दिया। रिश्ता तय होने के बाद भी युवक और युवती फोन पर बातें करते रहते थे। कुछ दिनों बाद युवक का रिश्ता टूट गया, लेकिन दोनों के परिजनों का विरोध लगातार जारी रहा। इससे युवक और युवती परेशान रहने लगे। हालांकि युवती के पिता ने प्रेम संबंध होने की बात से इन्कार किया है।

**फोन पर बात करने के बाद दोनों घर से निकले:** युवक और युवती के गांव के बीच की दूरी करीब नौ किमी है। दोनों गांवों के बीच में रेवती बहोड़ा खेड़ा रेलवे स्टेशन है। गुरुवार को फोन पर दोनों ने स्टेशन से कुछ दूरी पर मिलने और वहीं पर जान देने का फैसला कर लिया। गुरुवार शाम को करीब साढ़े सात बजे युवक और युवती अपने-अपने घरों से निकल आए। स्टेशन से चंदोसी की ओर पोल संख्या 33/5 रात करीब 9.45 बजे सद्भावना एक्सप्रेस के आगे आकर जान दे दी।

> दोनों के परिजनों को फोन पर सूचना दे दी गई थी। युवक और युवती के बीच प्रेम संबंध थे। किसी पक्ष की ओर से शिकायती पत्र नहीं मिला है। इसलिए कार्रवाई नहीं की गई है।
> – **वीरेश कुमार**, प्रभारी निरीक्षक आंवला

### ट्रेन आने पर एक दूसरे को लगाया गले

सद्भावना एक्सप्रेस के चालक ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि एक युवक ट्रेन से कटकर मर गया है। चालक ने बताया कि पहले उन्होंने समझा कि एक ही व्यक्ति है, क्योंकि ट्रेन करीब पहुंचने पर दोनों एक दूसरे के गल लग गए और एक पटरी पर बैठे रहे और ट्रेन उनके ऊपर से गुजर गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची आंवला पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना दी।

# एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल कसेगी वाहन चोरों पर लगाम

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचार:** शहर, कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को पुलिस ने कमर कस ली है। एसएसपी द्वारा वाहन चोरी रोकने के लिए एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल का गठन किया गया है।

जिले भर में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। शहर, कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों से आए दिन दो-पहिया और चार वाहनों पर चोर हाथ साफ कर रहे हैं। जिसकी रोकथाम के लिए एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने पहल करते हुए एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल का गठन किया है। इससे पहले जिले में तैनात रहे एसएसपी अखिलेश चौरसिया ने पहली बार इस सेल का गठन किया था जिससे शहर में वाहन चोरी की घटनाओं में काफी हद तक कमी आई थी।

### टीम में शामिल एक प्रभारी और चार पुलिसकर्मी

जिले में वाहनों की चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने की उम्मीद के चलते एसएसपी ने फिर एंटी व्हीकल थेफ़्ट सेल का गठन किया है। इस सेल में एक प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मियों को तैनाती दी गई है। इस सेल का प्रभारी सगीर खान को बनाया गया है। इसी के साथ इस सेल को कई अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी, जिससे ये सेल वाहन चोरों पर कार्रवाई कर सके।

### गठन होते ही मिली सफलता

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल का गठन होते ही सेल ने वाहन चोरों पर अंकुश लगाने की कवायद शुरू कर दी है। सेल ने गठन होते ही बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी के 18 वाहन बरामद किए। साथ ही अंतर्जनपदीय चार वाहन चोरों को भी जेल भेज दिया है।

# युवक से ससुराल में मारपीट आहत होकर खाया जहर, मौत

**संवाददाता, सिंधौली**

- **पत्नी को विदा कराने गया था युवक, साथ नहीं आई पत्नी,**

**अमृत विचार:** पत्नी को विदा कराने गए युवक से ससुराल में मारपीट की गई और पत्नी भी साथ नहीं आई। इससे आहत युवक ने अपने घर आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया।

सिंधौली क्षेत्र के गांव ढाकिया हमीद नगर निवासी सतेंद्र (24) पुत्र शिव सिंह की शादी 29 अप्रैल 2022 को लखीमपुर खीरी के थाना पसिगवां के गांव भुगियापुर निवासी संगीता के साथ हुई थी। 27 मार्च को वह पत्नी की विदा कराने ससुराल गया था, लेकिन पत्नी ने साथ चलने से मना कर दिया। इस पर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि पत्नी और सास सहित ससुराल के अन्य लोगों ने मिलकर सतेंद्र के साथ मारपीट की। इसके बाद 28 मार्च को वह बिना पत्नी को साथ लिए घर लौट आया। शाम करीब चार बजे गांव के बाहर उसे कुछ लोगों ने बेहोशी की हालत में पड़े देखा। उसे निजी अस्पताल से हायर सेंटर बरेली ले जाया जा रहा था। रात करीब नौ बजे उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर गांव आ गए और सिंधौली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# होली मिलन कार्यक्रम में सदस्यों ने संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**संवाददाता, बिसौली**


होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :**तहसील क्षेत्र के ग्राम चनी में भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी ब्राह्मण बंधुओं ने एक दूसरे के गले मिल कर होली की शुभकामनाएं दी और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

ग्राम चनी में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेश सचिव राम अवतार मिश्रा ने कहा कि समाज के लोगों को आपसी कटुता भुलाकर साथ आना होगा। सभी कार्यकर्ताओं ने भाईचारा बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम में ब्राह्मणों को परिषद से जोड़ा गया और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक उपाध्यक्ष श्रीनिवास शर्मा ने किया।

प्रदेश सचिव राम अवतार मिश्रा ने कहा कि होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के अवसर पर मनाया जाता है। हमेशा अच्छाई के कार्य करते रहना चाहिए। इसमें श्रीनिवास शर्मा, हरिओम शर्मा, नारायण हरि शर्मा तरुण शर्मा, अभिषेक शर्मा, शिव हरी शर्मा, मनीष कुमार कटिहा, कुंवर पाल मिश्रा, प्रियांशु शर्मा, शुभांक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## शहर में आज

- भाजपा कार्यालय सोरों गेट पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक सुबह 11 बजे से।
- भारतीय जनता पार्टी द्वारा कासगंज विधानसभा का होली मिलन समारोह नदरई गेट स्थित ब्रज वाटिका में दोपहर 12 बजे से।
- तीर्थ नगरी सोरों में श्रद्धालुओं द्वारा श्रीवराह भगवान एवं हरि की पौड़ी की परिक्रमा शाम सात बजे से।
- कायस्थ महासभा का होली मिलन समारोह शहर के नदरई गेट स्थित बीएस डायनामिक स्कूल में शाम चार बजे से।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**कासगंज।** कासगंज-ढोलना मार्ग पर नगला पट्टी के समीप सड़क पार कर रहे साइकिल सवार राजेश निवासी ततारपुर को बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। राहगीरों ने उसे भर्ती कराया। घटना को अंजाम देकर बाइक सवार फरार हो गया है। इधर सूचना पर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# मुख्तार अंसारी की मौत की खबर सुन रो पड़ा बेटा अब्बास अंसारी

## कासगंज जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद है विधायक अब्बास अंसारी, रही कड़ी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कासगंज की जेल में बंद मऊ का विधायक अब्बास पिता मुख्तार अंसारी की मौत की खबर मिलते ही फफक कर रो पड़ा। उधर उसके परिजनों ने उच्च न्यायालय में पैरोल के लिए अर्जी दी। देर शाम तक अर्जी मंजूर नहीं हुई। ऐसे में पिता के अंतिम संस्कार में अब्बास का पहुंचना मुश्किल दिखाई दे रहा है।

बाहुबली मुख्तार अंसारी का बेटा अब्बास अंसारी सुहेलदेव पार्टी से मऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक है। अब्बास विभिन्न आपराधिक मामलों में चित्रकूट की जेल में बंद था। 2023 के फरवरी माह में बिना अनुमति अब्बास की पत्नी निकहत बानो उससे मुलाकात करने आती थी। इसके बाद जेल प्रशासन पर कार्रवाई हुई और अब्बास अंसारी को कासगंज जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में भेज दिया गया। बॉडीबॉर्न कैमरा से जेल के सुरक्षाकर्मी उसकी निगरानी कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। देर रात अब्बास के पिता मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इसकी खबर जेल प्रशासन के माध्यम से अब्बास को मिली। खबर मिलते ही वह फूट-फूट कर रोने लगा। उसके रोने और परेशान होने की तस्वीरें सीसीटीवी में कैद हुईं। जेल प्रशासन की मानें तो अब्बास बेहद हताश दिखाई दिया। उधर हलाहाबाद हाईकोर्ट में अब्बास की पैरोल के लिए अपील की चर्चा होती रही लेकिन देर शाम तक जेल प्रशासन के पास ऐसा कोई आदेश नहीं आया।


कासगंज में चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस। ● अमृत विचार

### जेल में रोजा रख रहा है अब्बास



जेल में बंद अब्बास अंसारी खुदा की इबादत में जुटा हुआ है। रमजान का पवित्र माह चल रहा है। मुस्लिम समुदाय का यह सबसे पवित्र माह है। अब्बास इन दिनों जेल में खुदा की इबादत कर रहा है। वह रोजा रखता है और पांचो वक्त की नमाज अदा करता है। जेल प्रशासन सहरी और इफ्तार के समय आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध करा रहा है।

### चप्पे चप्पे पर तैनात रही पुलिस, कड़ी निगरानी

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद अब्बास अंसारी की पैरोल को लेकर निगाहें टिकी रहीं। वहीं पुलिस प्रशासन ने अलर्ट जारी किया। मुख्तार का बेटा कासगंज जिला जेल में बंद है। ऐसे में कासगंज में विशेष अलर्ट रहा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सभी थाना क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कासगंज में सीओ अजीत चौहान, सहावर में सीओ शाहिदा नसरीन, पटियाली में सीओ विजय राणा पुलिस टीम के साथ फ्लैग मार्च करते रहे।


निगरानी करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

- परिजनों ने उच्च न्यायालय में पैरोल के लिए दी अर्जी मगर नहीं हुई मंजूर
- पिता के अंतिम संस्कार में अब्बास का पहुंचना मुश्किल

अब्बास की पैरोल का कोई भी आदेश नहीं मिला है। उसके पिता मुख्तार अंसारी की मौत की जानकारी मिलने पर अब्बास को सूचना दी गई। वह रोने लगा और काफी परेशान दिखाई दिया। जेल परिसर में सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। कड़ी निगरानी की जा रही है।
**- विजय विक्रम**, जेल अधीक्षक

जिले में विशेष सतर्कता बरती गई है। जगह-जगह भ्रमण किया गया है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम है। शांति व्यवस्था पूरी तरह बनी रही है।
**- अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी

# ससुर की मौत से पहले पति से मिलने आई थी निकहत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- अब्बास ने जाना पत्नी से पिता की सेहत का हाल
- 30 मिनट तक सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई मुलाकात

**अमृत विचार :** कासगंज जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद अब्बास अंसारी की पत्नी निकहत बानो गुरुवार को पति से मिलने जिला जेल आई थी। जेल में पति से उसने 30 मिनट तक मुलाकात की। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में पति-पत्नी की मुलाकात हुई। जेल प्रशासन के अनुसार अब्बास ने अपनी पत्नी से पिता की सेहत का हाल जाना था, हालांकि पत्नी ने सेहत के बारे में क्या बताया यह जेल प्रशासन ने स्पष्ट नहीं किया है।

निकहत बानो ने अब्बास अंसारी से मुलाकात की तो जेलर और आधा दर्जन जेलकर्मी निगरानी के लिए मौजूद रहे। बताया गया कि अब्बास की पत्नी कार से जिला जेल परिसर पहुंची थी और जेल प्रशासन से अनुमति लेकर पति से मुलाकात कर सकी।

सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के अनुसार मुलाकात के दौरान अब्बास की पत्नी निकहत की आंखों में आंसू छलक रहे थे और वह बेहद परेशान दिखाई दे रही थी। इधर न्यायिक और प्रशासनिक टीम भी सामान्य निरीक्षण के लिए मुलाकात के दौरान जेल में पहुंच गई थी।

अब्बास की पत्नी मुलाकात करने आई थी। 30 मिनट की मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान अब्बास ने अपनी पत्नी से पिता का हाल जाना। इधर अब्बास रोजा रख रहा है। उसे आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।
**- विजय विक्रम सिंह**, जेल अधीक्षक

# उच्च शिक्षा आयोग के सदस्य सम्मानित

कार्यालय संवाददात, कासगंज

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का होली मिलन समारोह गुरुवार को गांव गोराह स्थित व्यापार मंडल के संरक्षक के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा अयोग के सदस्य डा. राधा कृष्ण दीक्षित एवं संगीतकार का व्यापारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन कर उनके निराकरण पर चर्चा की गई।

डा. राधा कृष्ण दीक्षित ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। उस जिम्मेदारी का निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए कासगंज जनपद का नाम ऊंचा करूंगा।

विशेष अतिथि के रूप में मुंबई से पधारे दादा साहब फालके पुरस्कार से सम्मानित विष्णु नारायण को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सतीश गुप्ता ने की। उन्होंने व्यापारी समुदाय से एकजुट रहकर व्यापारियों की समस्या में हर पल सहयोग करने की अपील की। गंजडुंडवारा के अध्यक्ष अमित महाजन ने कहा कि व्यापार मंडल हर समय व्यापारियों के साथ खड़ा रहता है। आयोजक शरद अग्रवाल एवं शिवम अग्रवाल ने अतिथियों एवं व्यापार मंडल के लोगों का आभार जताया। संचालन नगर अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने किया। सुबोध मित्तल, राजवीर सिंह सोलंकी, संजय अग्रवाल, मुकेश शर्मा, राजेंद्र गुप्ता, प्रवेंद्र सिंह राणा, पूजा वार्ष्णेय, मनोज अग्रवाल, अंकिश अग्रवाल, राकेश गर्ग, संजय बोहरे, अजय तिवारी, प्रवेंद्र राणा, जितेंद्र वार्ष्णेय पाऊं, विनीत बंसल, कबीर प्रताप सिंह, रजत बिड़ला, सतवीर सिंह मनकू, सरवन कुमार, असरार सैफी, प्रेरित अग्रवाल, पंकज शर्मा, आशीष अग्रवाल टीनू, मनोज सिंघल, शिवम अग्रवाल, गौरव अग्रवाल मौजूद रहे।


आयोग के सदस्य डा. राधाकृष्ण दीक्षित को प्रतीक चिन्ह देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।


- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का होली मिलन समारोह
- व्यापारियों ने संगीतकार विष्णु नारायण को भी सम्मानित किया

# आज सतरंगी होगी तीर्थ नगरी, भक्त खेलेंगे होली

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** तीर्थनगरी सोरोंजी आज शनिवार को सतरंगी रंगों से रंग जाएगी। रंग पंचमी पर यहां भगवान वराह के संग भक्त होली खेलेंगे। भक्तों ने इस होली को नाम दिया है आओ खेलें गंगा-वराह संग होली। भगवान के साथ होली की मस्ती में डूबने के लिए आयोजकों ने तैयारी पूर्ण कर ली हैं। जमकर गुलाल उड़ेगा और फूलों की बारिश होगी।

आओ खेलें गंगा-वराह संग होली कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष रंग पंचमी के दिन होता है। इस दिन तीर्थ नगरी में भगवान वराह की शोभायात्रा निकाली जाती है। रंग गुलाल की वर्षा से वातावरण सतरंगी होता है। इस वर्ष भी यह कार्यक्रम भव्यता के साथ मनाया जाएगा। वराह भगवान की शोभायात्रा में दर्जनभर आकर्षक झांकियां, बैंड, डीजे और रंग गुलाल की व्यवस्था की गई है। फूलों की बारिश होगी और सतरंगी गुलाल इस कार्यक्रम में उड़ाया जाता है। रंग पंचमी के दिन सुबह 10 बजे वराह मंदिर से यात्रा का शुभारंभ होगा। उद्घाटन समाजसेवी सुधीर यादव उर्फ पप्पू करेंगे। कस्बे का भ्रमण के बाद यात्रा हरिपदी गंगा घाट पर संपन्न होगी।


मंदिर में विराजमान श्रीवराह भगवान।

गंगा भक्त समिति के अध्यक्ष सतीश भारद्वाज ने बताया कि गंगा वराह के संग होली की भव्य तैयारी की गई है। 25 क्विंटल गुलाल शोभायात्रा के दौरान उड़ेगा। 10 क्विंटल फूल बरसाए जाएंगे। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय होने के साथ ही सुगंधित होगा। पूरे कस्बे में शोभा निकाली धूमधाम से निकाली जाएगी। **- सतीश भारद्वाज,** अध्यक्ष गंगा भक्त समिति

# दोपहर में सख्त होने लगे सूरज के तेवर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सुबह शाम भले ही मौसम का मिजाज भले ही सामान्य हो, लेकिन दोपहर में सूर्य के तेवर सख्त होने लगे हैं। गर्मी का असर दिखाई देने लगा है। लोग गर्मी के मौसम के वस्त्र पहन रहे हैं। हालांकि ऐसे मौसम में एहतियात बरतने की जरूरत है।

गर्मी का तेवर अब सख्त होने लगा है। ऐसे में बाजार में कोल्डड्रिंक, खीरा ककड़ी समेत शीतल पेय एवं खाद्य पदार्थों की ब्रिकी शुरू हो गई है। मौसम के तेवर देख लोग परेशान होने लगे हैं। कहने को तो अभी मार्च का महीना ही चल रहा है। फिर भी दोपहर में शरीर को भेद देने वाली तेज धूप एवं उमस से लोगों को मई की याद दिला रही है और लोग आपस में चर्चा कर रहे हैं कि मार्च महीना का यह हाल है तो आने वाले मई- जून में क्या हाल होगा। गर्मी बढ़ने के साथ ही स्थानीय बाजारों में शीतल पेय पदार्थ गन्ने का रस, बेल का शर्बत, नीबू पानी, आम का जूस आदि की मांग बढ़ गई है। यही वजह है कि स्थानीय बाजार में इन पेय पदार्थों की दुकानें सज गई हैं और लोग खुद को गर्मी से राहत देने के लिए इसका सेवन भी कर रहे हैं।

कोल्ड ड्रिंक की बिक्री भी खूब बढ़ गई है। दूसरी तरफ गर्मी के बढ़ते असर से सुबह 10 बजे से ही तेज धूप लोगों को तपाने लगी है। दोपहर 12 बजे से अपराह्न तीन बजे तक गर्मी और बढ़ जा रही है।



शहर के सोरों गेट क्षेत्र में दुकान पर गन्ने का जूस पीने पहुंचे लोग।

- गर्मी का दिखाई देने लगा असर
- पेय पदार्थों की शुरू हो गई बिक्री



मौसम में बदलाव आया है। तेज गर्मी का एहसास होने लगा है। अब पेय पदार्थों की जरूरत महसूस होने लगी है।
**- मोहित कुमार**



मौसम के बदलाव से बीमारियों का खतरा तो बढ़ रहा है। ऐसे में पेय पदार्थों का सहारा जरूरी है। मगर सावधानी आवश्यक है।
**- आविद**

# रंगोली बना मतदान के प्रति छात्राओं ने किया जागरूक


छात्राओं द्वारा रचाई मेहंदी को देखतीं एसडीएम कोमल पंवार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** अमांपुर क्षेत्र के ग्राम जाटऊ अशोकपुर में श्रीमती कुसुमादेवी महाविद्यालय में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में क्विज, रंगोली, मेहंदी, रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताएं कराई गईं। इसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

एसडीएम कोमल पंवार ने कहा कि छात्राएं मतदान के लिए जागरुकता अभियान को सफल बनाएं। नव मतदाता स्वयं मतदान करें और दूसरों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि छात्राएं जो नवीन मतदाता बनी हैं। वह मतदान अवश्य करें और मतदान के दौरान गर्मी से बचने के लिए कैप और पानी साथ लेकर जाएं। उन्होंने छात्राओं की प्रस्तुति को सराहा। छात्राओं ने मतदाता जागरुकता का संदेश देती हुईं सुंदर रंगोली बनाई। मतदाता जागरुकता के स्लोगन लिखकर मेहंदी हाथों पर संजाई। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में भी भाग लिया। इसके अतिरिक्त क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिला प्रभारी स्वीप डॉ. जयंत कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वीप केलेंडर के अनुसार जनपद में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। संचालन जिला प्रभारी स्काउट अभिषेक पांडेय ने किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह प्रतिहार, भगवान सिंह, मुनेश शर्मा, दिनेश कांत आदि रहे।



मतदाता जागरुकता के लिए बनाई रंगोली।

- क्विज, रंगोली और मेहंदी स्पर्धा में प्रतिभाग कर बताया मतदान का महत्व

# कृष्ण-राधा संग खेली फूलों की होली

संवाददाता, अमांपुर

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में होली मिलन समारोह में फूलों की होली सहित गीतों और भजनों की कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बाबूजी कल्याण सिंह के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाध्यक्ष केपी सोलंकी, सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत, विधायक हरिओम वर्मा ने शुभकामनाएं दीं, संचालन भाजपा जिला महामंत्री संजय सोलंकी ने किया।

होली मिलन समारोह में राधा-कृष्ण के स्वरूपों के साथ फूलों से होली खेलते हुए जमकर मस्ती की। ज्ञान प्रकाश गुप्ता, ज्ञान तिवारी, श्याम सुंदर गुप्ता, दिनकर राव चतुर्वेदी, लक्ष्मण सिंह , बौबी कश्यप, ब्लॉक प्रमुख कृष्ण प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख उर्मिला प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य अवनीश सोलंकी, डॉ विक्रम सिंह राजपूत, डॉ भगवान सिंह राजपूत, रूदप्रताप सिंह, हरिभान सिंह, मनोज चौहान, धर्म वीर सिंह, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष दरवेश जाटव व अन्य मौजूद रहे।


होली मिलन समारोह का आरंभ करते बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह।

- होली मिलन समारोह में दी होली की शुभकामनाएं

# अवैध शराब के निर्माण पर पुलिस का छापा, दो गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना ढोलना पुलिस ने सूचना के आधार पर अवैध शराब की भट्टी पर छापामार कार्यवाही की है। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कब्जे से 20 लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची शराब तथा दो किलोग्राम यूरिया, शराब बनाने के उपकरण व 100 लीटर लहन को बरामद किया है। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी संजय कुमार, चोब सिंह निवासीगण फिरोजपुर बक्सुल्ला खां थाना ढोलना को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# मनाया गुड फ्राइडे, निकालीं झांकियां



**कासगंज/एटा, अमृत विचार :** गुड फ्राइडे पर एटा व कासगंज के गिरिजाघरों में अनुयाइयों की श्रद्धा उमड़ी। गिरिजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित किए जाने के साथ ही फादर ने प्रेम और शांति का संदेश दिया। कचहरी रोड स्थित मैगांव मैमोरियल चर्च तथा आगरा रोड स्थित कैथोलिक चर्च में अनुयाइयों की भीड़ जुटी। कासगंज के सदर चर्च में पादरी रंजीत सिंह ने कहा पूरी दुनिया में ज्ञान के नवदीप को प्रज्ज्वलित करने वाले प्रभु ईसा मसीह ने संसार को कोने-कोने में मनुष्यता का पाठ पढ़ाने का काम किया था, तभी तो उन्होंने हंसते-हंसते प्रेम, करुणा और सेवा जैसे पवित्र संदेशों के लिए कांटों भरी सूली पर चढ़कर अपनी जान दी थी। इसलिए आज हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर उनसे सीख लेनी चाहिए। अरविंद सहाय, डेनिस सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अवैध तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने सूचना के आधार पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक तमंचा 315 एवं दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी सजरूल उर्फ सल्ला निवासी ग्राम चिरौला थाना गंजडुंडवारा को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध आयुध अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**अनदेखी** वर्षों पहले बने फोर लेन मार्ग के डिवाइडर पर नहीं लगे पेड़ पौधे, पर्यावरण संरक्षण का अभिन्न अंग है पेड़ पौधे, देते हैं ऑक्सीजन

# पौधों के स्थान पर उपले बढ़ा रहे डिवाइडर की शोभा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सूबे के जनपद मुख्यालय में एक दूसरे से फोर लेन मार्ग द्वारा जोड़े गए हैं। इसी योजना के तहत जिले को एटा जनपद मुख्यालय से जोड़ा गया था। मार्ग बनने की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत डिवाइडर पर पौधे नहीं लगाए गए हैं। जिस कारण ग्रामवासियों ने अपने अपने गांव की सीमा में आने वाले डिवाइडर पर अतिक्रमण कर गोबर के उपले पाथ लिए हैं। वैसे तो अतिक्रमण कासगंज से एटा तक है और जिले की सीमा में कासगंज से मिरहची तक, कासगंज से सोरों के मध्य भी जगह जगह यही स्थिति है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधों का विशेष महत्व है। ये पेड़ पौधे ही हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन मुफ्त में उपहार स्वरूप प्रदान करते हैं। बदले में ये केवल देखरेख और रखरखाव ही मांगते हैं। सड़कों के किनारे और बीच में डिवाइडर पर पेड़ पौधे लगाने के पीछे भी कई मायने हैं।

**हरा रंग देता है आंखों को राहत:** अधिकतर हाइवे पर पेड़ पौधे लगाकर उसे हरा भरा बनाया जाता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से हरा रंग हमारी आंखों को शीतलता प्रदान करता है। इसी कारण वाहन चालकों की आंखों को हरे पेड़ पौधों से काफी राहत मिलती है। साथ ही हरियाली के कारण मानसिक रूप से प्रसन्नता का एहसास भी होता है। जिसका लाभ वाहन चालकों के साथ साथ यात्रियों को भी समान रूप से मिलता है।

**गर्मी की तपन को भी करते हैं कम:** पेड़ पौधे पर्यावरण का एक अभिन्न अंग है। ये सूर्य की किरणों को अवशोषित करते हैं और प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा अपना भोजन बनाते हैं। गर्मी के समय जब सूर्यदेव अपने प्रचंड रूप में होते हैं। ऐसी स्थिति में सूर्यदेव की तीव्रता को काफी हद तक कम कर देते हैं। फलतः उस क्षेत्र का तापमान कई डिग्री कम हो जाता है और तपन से राहत मिलती है।


डिवाइडर पर ग्रामीणों द्वारा रखे गए उपले। ● अमृत विचार

### प्रदूषण की रोकथाम में होते हैं बेहद महत्वपूर्ण

डिवाइडर पर पेड़ पौधे लगे होने से न सिर्फ मार्ग की सुंदरता बढ़ती है बल्कि यह कई मायनों में बेहद उपयोगी होते हैं। वाहनों द्वारा होने वाली तेज ध्वनि की तीव्रता इन पेड़ पौधे के होने से काफी हद तक कम हो जाती है। दिन के समय वाहनों से उत्सर्जित होने वाली कार्बनडाइऑक्साइड को अवशोषित कर प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया द्वारा बदले में ऑक्सीजन देकर पर्यावरण को शुद्धता प्रदान करते हैं।

### रात्रि में वाहन चालकों को होती है बड़ी समस्या

डिवाइडर पर पेड़ पौधे लगाने की एक अहम वजह है रात्रि के समय सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराना। प्राय: देखा गया है रात्रि के समय वाहन चालक अपने वाहन की लाइट को हाई बीम पर रखते हैं। जिस कारण सामने से आ रहे वाहन की रोशनी चालक की आंखों पर पड़ती है और वाहन चलाने में काफी असुविधा के साथ दुर्घटना होने की संभावना भी बन जाती है। सामने से आने वाली रोशनी को डिवाइडर पर लगे पेड़ पौधे अवशोषित कर लेते हैं और चालक की दृष्टि बेहतर हो जाती है और उसे वाहन चलाने में कोई असुविधा नहीं होती है। सुरक्षा की दृष्टि से रात्रि के समय सड़क पर सुरक्षित ड्राइविंग और दुर्घटनाओं को रोकने में काफी मदद मिलती है।

# अलग-अलग आरोपों में सात लोग गिरफ्तार

**एटा, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद की पुलिस द्वारा सात लोगों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है।

कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सिपाही को टक्कर मारकर भागने वाले बागवाला के गांव कनिकपुर निवासी सुनील को एक पिस्टल व कारतूस समेत गिरफ्तार कर लिया गया है। कोतवाली देहात थाना पुलिस ने जुआ खेलते हुए क्षेत्र के गांव मरथरा निवासी शेर मुहम्मद, ललित, आकाश को पकड़ा है। इन लोगों के कब्जे से 9800 रुपये बरामद किए गए हैं। सकरौली पुलिस ने कासगंज के नईबस्ती निवासी बसीम उर्फ कल्ला को चोरी की घटना में फरार होने पर एक तमंचा व कारतूस समेत पकड़ा है। जानलेवा हमले के आरोपी चन्द्रभान निवासी फगनौल जैथरा, 60 लीटर अवैध शराब समेत जैथरा पुलिस ने क्षेत्र के गांव अल्लापुर निवासी रामप्रकाश को पकड़ा है।

